महत्वपूर्ण एवं खास

ट्रेलर चालक की लापरवाही में गई जान

रायगढ़। गुरूवार 20 फरवरी को ट्रेलर क्रमांक सीजी 12 एआर 6039 का चालक अशोक अगरिया उम्र 28 वर्ष निवासी सराई जिला सिंगरौली म0प्र0 उक्त ट्रेलर में कुसमुंडा कोरबा से कोयला लोड कर अपने खलासी के साथ रायगढ़ आ रहा था कि सुबह करीब 04:00 बजे थाना घरघोड़ा अन्तर्गत रामेश्वर कंपनी के पुल के पास चालक अशोक अगरिया अपने ट्रेलर वाहन को तेज गति व लापरवाहीपूर्वक चलाते हुये एक्सीडेंट कर दिया जिससे उसके माथे, पैर में चोट आई थी। घटना की सूचना मिलने पर डॉयल 112 स्टाफ मौके पर पहुंचा और आहत को ईलाज के लिये घरघोड़ा अस्पताल में भर्ती कराया, जहां ईलाज दौरान चालक फौत हो गया । घटना के संबंध में थाना घरघोड़ा में मृतक चालक के विरूद्ध अप.क्र. 32/19 धारा 304 ए ता.हि. पंजीबद्ध किया गया है ।

लोकसभा निर्वाचन के लिए प्रिटिंग प्रेस की आवश्यक बैठक 25 फरवरी को

रायगढ़। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी यशवंत कुमार की अध्यक्षता में आगामी लोकसभा निर्वाचन के दौरान निर्वाचन लडने् वाले प्रत्याशियों एवं पंजीकृत पार्टी द्वारा प्रिटिंग प्रेस के माध्यम से प्रचार-प्रसार करने हेतु मुद्रित सामग्री व समाचार के संबंध में जिले के समस्त प्रिटिंग प्रेस की आवश्यक बैठक 25 फरवरी को दोपहर 1 बजे से कलेक्टेट सभाकक्ष रायगढ़ में आहूत की गई है।

मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन आज, आवश्यक बैठक कल

रायगढ़। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01.01.2019 अंतर्गत 22 फरवरी को मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। उक्त संबंध में 23 फरवरी को अपरान्ह 3 बजे आवश्यक बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष, रायगढ़ में आहूत की गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रायगढ़ ने जिले के मान्यता प्राप्त राजनैतिक पार्टी के पदाधिकारियों को बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

सूने घर को चोरों ने बनाया निशाना, की लाखों की चोरी

कोतवाली पुलिस कर रही मामले की जांच

रायगढ़। शहर के कोतरा रोड़ विकास नगर स्थित एक सूने मकान को चोरों ने अपना निशाना बनाया है। अज्ञात चोरों ने मकान व आलमारी का ताला तोड़ते हुए आलमारी में रखे करीब नकदी रकम व सोने चांदी के गहनों पर हाथ साफ कर दिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार विकास नगर में रहने वाला सुनीश त्रिवेदी (बाबाजी) विगत 13 फरवरी से अपनी मां के ईलाज के लिए चेन्नई गया हुआ था। जब वह वापस घर पहुंचा तो देखा कि मकान व आलमारी का ताला टूटा हुआ है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई है और मामले की जांच में जूट गई है। चोरी की इस वारदात को सुलझाने के लिए पुलिस ने डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक टीम की भी मदद ली है। कितने की चोरी हुई है इस बात का खुलासा अभी नहीं हो पायी है।

आंगनबाड़ियों में मनाया गया वजन त्यौहार

रायगढ़। जूटमिल सेक्टर के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में 11 से 20 फरवरी तक वजन त्यौहार मनाया गया। जिसमें क्षेत्र के 0-5 वर्ष के सभी बच्चों का वजन, ऊंचाई व मध्य बॉह का माप लेकर उनके माता-पिता को बच्चों के पोषण स्तर के बारे में जानकारी दी गई।

वजन त्यौहार के दौरान जिस भी बच्चे का पोषण स्तर कम पाया गया या बच्चा कुपोषित पाए गए तो उसके लिए एक बाल मित्र नियुक्त किया गया है। जो बच्चे की पोषण का स्तर निगरानी करके बच्चे के पोषण स्तर में सुधार के लिए पालक को सहयोग कर सकते है। वजन त्यौहार के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग के सेक्टर

पालकों को दी गई पोषण स्तर की जानकारी

सुपरवाईजर श्रीमती नेहा अग्रवाल तथा स्वास्थ्य विभाग के सीपीएम डॉ.राकेश वर्मा द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों का भ्रमण किया गया और केन्द्रों में उपस्थित पालकों को उनके बच्चे के पोषण स्तर तथा उसके सुधार के बारे में आवश्यक जानकारी दी गई।

पंजरी प्लाट आंगनबाड़ी केन्द्र में 80 बच्चों का किया गया वजन

महिला बाल विकास विभाग के अंतर्गत केलो विहार पंजरी प्लाट के आंगनबाड़ी में बच्चों के लिए वजन त्यौहार का आयोजन किया गया। जिसमें 11 से 20 फरवरी तक 80 बच्चों का वजन लेकर चार्ट में दर्शाकर उनके पालकों को बच्चों के देखरेख एवं खान-पान के बारे में भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर गोमती डनसेना, अनिता नायक, प्रमिला निकुंज, रामकुमारी पटेल, श्रद्धा यादव एवं बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित थे।

एसईसीएल महा प्रबंधक के निर्णय से बरौद कृषक पुत्रों की बेमियादी हड़ताल दो महीने के लिए टली

बरौद कालरी। ग्राम पंचायत बरौद के भू-विस्थापितो कृषक पुत्रो व जिनके परिजनों द्वारा दो दिनां से खुली खदान परियोजना में ही नौकरी दिये जाने की अपने एक सूत्रीय मांगो को मनवाने में ग्रामीण कृषक पुत्र की हठधर्मिता के आगे एसईसीएल रायगढ़ के संवदेनशील महाप्रबंधक जय गोविंद सिंह ने आंदोलनकारियों के हाथों सरपंच को पत्र देकर दो महिनो के अंदर मांग मान लिये जाने की बात पर बेमियादी हड़ताल का कम्पनी एवं देश हित में संखद समाधन हुआ। एक और बरौद उपक्षेत्र कोयलांचल के वाशिंदे गहरी निंद्रा में विलीन थे वहीं दूसरी और आंदोलन का पटाक्षेप करने ग्रामीण कृषक पुत्रो की मागों पर गंभीरता पूर्वक चिंता कर रहे संवेदनशील महाप्रबंधक जय गोविंद सिंह के माथे पर गहरी चिंताऐ और आंखो में नीद अद्वश्य थी देर रात तक आंदोलनकारियों से उपमहा प्रबंधक बी एन झा बरौद खान अधीक्षक बी सिंह गनपत चौहान व्ही.के.एस. ठाकुर जगरबती महंत मौके पर डटे रहे।

ग्रामीणो की हठधर्मिता के आगे एसईसीएल प्रबंधन द्वारा एचित निर्णय लिया और रात्रि पहर दो बजे बेमियादी काम बंद हड़ताल दो महिना के लिए टली।

धरमजयगढ़ के विभिन्न ग्रामों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

रायगढ़। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत धरमजयगढ़ विकासखण्ड के ग्राम-तालगांव, लक्ष्मीपुर, सिथरा एवं बरतापाली में लोगों को जागरूक करने के लिए स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें दीपो को स्वीप के रूप में सजाया गया था। साथ ही ग्रामवासियों को मतदाता जागरूकता की शपथ भी दिलाई गई।

हड़ताल पर बैठे मीटर रीडर्स ने खोली अभियंताओं की पोल

रायगढ़। बिजली बिल रीडर्स ने कहा काम लिया सरकारी ने और बना दिया बाहरी विद्युत मीटर रीडर संघ को, जिलाध्यक्ष विशाल सिंह राजपूत ने कहा कि हमें 4 रुपए प्रति मीटर दिया जाता है। यह मैन्युअल है, जिसमें हम घर-घर जाकर रीडिंग लेते हैं फिर दफ्तर आकर पुराने बिल से गणना कर पूरी चार्ट को रायपुर भेजते हैं और वहां से बिल आता है। शहर में हर रीडर को 1500 मीटर और गांव में 1000मीटर का काम सौंपा गया था लेकिन सीएसपीडीसीएल ने प्रति मीटर 5 रुपए से भी अधिक में ठेका झारखंड की कंपनी को सौंपा है। अब वो हमें प्रति मीटर 3 रुपए में काम करने को कह रही है। जिले में 2 लाख 94 हजार उपभोक्ता हैं और इसमें 1लाख लोगों के यहां तो मीटर ही नहीं है। करीब 50 हजार मीटर तो खराब पड़े हैं। इस बारे में हमने कई बार शिकायत की लेकिन विभाग उल्टे हमारे ऊपर एफआईआरदर्ज करा देता है।

साथियों से झगड़ा कर युवक ने खुद को किया आग के हवाले

रायगढ़। काम करने के दौरान साथियों के साथ हुए विवाद के बाद 25 साल के एक युवक ने खुद को आग लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की है। युवक को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।मामले में बताया गया कि चंद्रपुर थाना के मड़वां गांव निवासी आशिष उरांव पिता जवाहर उरांव 25 साल मंगलवार को मजदूरी के लिए गांव से बाहर गया हुआ था। जहां बताया गया कि साथियों के साथ उसका विवाद हुआ था। जिसके बाद वह शाम को नशे की हालत में वापस अपने घर लौटा, जिसके बाद अपने कमरे में जाकर उसने खुद को आग लगा ली। परिजनों ने आग पर काबू पाकर युवको अस्पताल लेकर पहुंचे थे, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

चावल पका रहे खोलते पानी में गिरी बच्ची

रायगढ़। घर के आंगन में खेलने के दौरान दो साल की एक मासूम बच्ची चावल पकाने के लिए गर्म किए गए पानी में गिरकर गंभीर रूप से झुलस गई। बच्ची को परिजन ईलाज के लिए रायगढ़ लेकर आए थे, जहां से उसे रायपुर रेफर किए जाने की बात कही गई है।

घटना के बारे में बताया गया कि सुजाता महंत पिता पितांबर महंत 2 साल, पुटकापुरी पुसौर मंगलवार शाम को घर के आंगन में खेल रही थी, इसी दौरान चावल पकाने के बाद निकले मांड़ में वह गिर गई, जिसमें वह गंभीर रूप से जल गई। परिजन उसे लेकर ईलाज के लिए रायगढ़ मेकाहारा पहुंचे थे, जहां बच्ची की हालत को देखते हुए उसे रायपुर रेफर कर दिया।

छत्तीसगढ़ के कई हिस्सों में भूकंप के झटके, 1 बजकर 5 मिनट पर लोगों ने महसूस किये झटके

रायपुर। छत्तीसगढ़ में भूकंप के झटके महसूस किये गये हैं। बिलासपुर के मरवाही, कोरिया, चिरमिरी और मनेंद्रगढ़ में भूकंप के झटके महसूस किये गये हैं। हालांकि फिलहाल भूकंप के झटके के रिएक्टर पैमाने पर क्या तीव्रता थी और उसका केंद्र कहां था, इसकी जानकारी नहीं मिल पायी है। भूगर्भ विभाग अभी इसकी जानकारी जुटा रही है। दोपहर बाद करीब एक बजकर 5 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किये गये। ये झटके कुछ सेकंड के लिए ही महसूस किया, जिसके बाद लोग कुछ जगहों पर लोग अपने घरों से निकल गये।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं सीनियर एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कृष्ण सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे निश्चित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य साथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति से कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

CAREER SCHOOL
HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL
स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996
पिछले 22 वर्षों से लगातार बच्चों के साथ...
ADMISSION OPEN
ENGLISH MEDIUM
For Nuresery to 10th
Topper Students Last Session
Tarun 90% Yamini 98% Shraddha 93% Priyanka 96% Prerna 84% Hitendra 99% Akanksha 90% Geetanjali 99% Chetna 94% Arpita 93% Arpita 98% Rakesh 97% Sejal 88% Shiva 97%
Topper Students Last Session
Sushant 92% Prince 97% Kusum 98% Abhishek 99% Aayush 93% Prachi 97% Tulika 96% Pari 96% Aradhya 97% Ananya 99% Ashish 96% Ankita 99%
Join CAREER...
Major Facts
1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....
CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

तत्काल आवश्यकता है
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग
वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें ....
न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की
खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480